# सिविल अस्पताल की कैंटीन में मिला तंबाकू उत्पाद

## कैंटीन संचालक समेत आसपास के दुकानदारों पर हुई कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सतना 16 फरवरी. मैहर जिले के अमरपाटन सिविल अस्पताल परिसर में स्थित कैंटीन में तंबाकू उत्पाद बेचे जाने की शिकायत मिलने पर जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों द्वारा जांच की गई. जहां पर तंबाकू उत्पाद पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई. इसी कड़ी में आस पास मौजूद दुकानदारों द्वारा तंबाकू उत्पाद बेचे जाने पर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की गई.**

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि अमरपाटन सिविल अस्पताल परिसर में स्थित कैंटीन में तंबाकू उत्पाद बेचे जाने की शिकायत प्राप्त हो रही थी. जिसे देखते हुए सीएमएचओ द्वारा जांच कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे. इसी कड़ी में तंबाकू उत्पाद नियंत्रण के नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप गौतम, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह, अभिषेक बिहारी गौड़ नप के प्रतिनिधि जयराम तिवारी और अमरपाटन थाने का पुलिस बल



सोमवार को जांच करने के लिए सिविल अस्पताल पहुंच गया. परिसर में स्थित कैंटीन की सघन जांच करने पर सिगरेट और गुटखा तो नहीं मिला. लेकिन तंबाकू युक्त मंजन गुड़ाखु रखा पाया गया. जिसे देखते हुए कोटपा अधिनियम के अंतर्गत कैंटीन संचालक अशोक कुमार चिकवा के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई. इसी कड़ी में टीम द्वारा सिविल अस्पताल परिसर के आस पास मौजूद दुकानों की जांच की गई. जहां पर तंबाकू उत्पाद की बिक्री होती देख समयलाल चौरसिया,सुरेश कुमार चौरसिया, मोलई प्रसाद साहू, हरिओम गुप्ता, नरेंद्र चौरसिया और विष्णु चौरसिया के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई.

### एक्ट का उल्लंघन करने पर हुई कार्रवाई

इसके अलावा टीम द्वारा शासकीय कन्या उमा और उत्कृष्ट उमा विद्यालय के आस पास 100 गज के दायरे में स्थित दुकानों की जांच की गई. जहां पर कोटपा एक्ट का उल्लंघन होता पाए जाने पर अमित चिकवा, संतोष गुप्ता, शुभम लोनी, अंकित चौरसिया, नीरज शर्मा, बालेंद्र चौरसिया, सुनील कुमार जैन और उत्कर्ष ताम्रकार के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई. इस कार्रवाई के दौरान कुल 2 हजार 950 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया.

# ट्रेन में आई नींद, दुर्ग पहुंचा गया बालक

**नवभारत न्यूज**

**सतना 16 फरवरी. अपनी मां के साथ मैहर देवी का दर्शन करने के लिए ट्रेन में चढ़े बालक को नींद आ गई और वह सोते-सोते छत्तीसगढ़ के दुर्ग तक पहुंच गया.**

जहां पर प्लेटफार्म पर भटकता देख आरपीएफ कर्मी ने उसे मुख्य स्टेशन प्रबंधक कार्यालय पहुंचा दिया. जहां पर बालक को चाइल्ड लाइन को सौंपने के बाद वापस घर भेजने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरु कर दी गई. दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के सहायक उनि संजय गांगुली जब गश्त कर रहे थे तो इस दौरान प्लेफार्म क्र. 2-3 पर लगभग 11 वर्ष का एक बालक घूमता दिखाई दिया. बालक को अकेले घूमता देख एएसआई ने उसे रोक कर पूछताछ शुरु की. बालक ने एएसआई को बताया कि वह सतना के कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत सीताराम पेट्रोल पंप के पास रहता है. वह मैहर दर्शन करने के लिए अपनी मां के साथ ट्रेन में बैठा था. लेकिन ट्रेन में यात्रा के दौरान उसे नींद आ गई, और सोते-सोते वह दुर्ग पहुंच गया. यह जानकारी मिलने पर एएसआई गांगुली बालक को लेकर मुख्य स्टेशन प्रबंधक कार्यालय पहुंच गए. जहां पर मुख्य स्टेशन प्रबंधक शैलेंद्र कुमार द्वारा चाइल्ड लाइन को सूचना दी गई. चाइल्ड लाइन के चाइल्ड केयर की सदस्य भूमि लाखुण्डे सीएसएम कार्यालय पहुंच गईं. जहां पर मुख्य स्टेशन प्रबंधक और आरपीएफ एएसआई की मौजूदगी में बालक को चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया. जिसके बाद बालक को सकुशल उसके घर वापस भेजने की कार्रवाई शुरु कर दी गई.

# अवैध संबंध के खुलासे के डर से नानी की हत्या

## सलाखों के पीछे पहुंचा आरोपी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 फरवरी. मामी के साथ अवैध संबंध के खुलासे के डर से युवक ने अपनी ही नानी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।**

रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका रुकमणि आदिवासी पति स्व. भृगुपति आदिवासी उम्र 65 वर्ष निवासी देवमऊ झिरिया टोला की मर्ग जांच की गई। विवेचना में सायबर सेल के



सहयोग से मोबाइल नंबर के डिटेल ,आस पास गवाह एवं साक्षी से पूछताछ किया जाने पर संदेही कयामत रावत एवं भारती उर्फ कंचन रावत का नाम सामने आया। पूछताछ के जरिए यह जानकारी सामने आई कि कयामत रावत का अपनी मामी भारती उर्फ कंचन रावत से अवैध संबंध चलता था। मृतिका ने दोनो लोगो के अवैध संबंध को देख लिया था। नानी द्वारा परिवार में इस बात की चर्चा करने पर बदनामी होगी जिसके डर से आरोपी कयामत रावत द्वारा नानी को रास्ते से हटाने के उद्देश्य से मारपीट कर गला घोंटते हुए हत्या कर दी। जिसे देखते हुए आरोपी कयामत रावत एवं भारती उर्फ कंचन रावत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# अमरपाटन के पपरा पहाड़ में मिला महिला का अधजला शव

## निर्मम हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**सतना 16 फरवरी. मैहर जिले के ताला थाना की मुकुंदपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत पपरा पहाड़ में एक महिला की अधजली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरु कर दी गई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह कुछ स्थानीय रहवासी जब पपरा पहाड़ के जंगल की ओर निकले तो वहां पर अधजली लाख पड़ी देख उनके पैतरों तले जमीन खिसक गई.



लिहाजा आनन-फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई. घटना की गंभीरता को देखते हुए वौकी प्रभारी नागेश्वर मिश्र और एसडीओपी ख्याति मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. पुलिस द्वारा घटनास्थल सहित आस पास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की गई. इसी कड़ी में फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया. स्थानीय लोगों से शव के बारे में पूछताछ की गई. लेकिन वहां पर मौजूद कोई भी व्यक्ति पहचान नहीं सका. घटना स्थल सहित आस पास के क्षेत्र की जांच करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्र करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला प्रथम दृष्ट्या महिला की हत्या करने का मालुम दे रहा है.

### पहचान छिपाने की वारदात

संभावना जताई जा रही है कि पहले महिला के सिर पर भारी वस्तु से प्रहार कर हत्या की गई होगी. पहचान छिपाने की नियत से चेहरे पर वार किया गया होगा. इसी कड़ी में महिला के शव को जला दिया गया होगा. बताया गया कि शव का कुछ हिस्सा जल चुका है जबकि कुछ हिस्सा बचा रह गया. फोरेंसिक जांच और विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. पुलिस द्वारा आस पास के क्षेत्र के लोगों से जानकारी जुटाते हुए मामले के खुलासे का प्रयास शुरु कर दिया गया है.

# अधिवक्ताओं ने कहा उन्हें मिले अभियोजन पूर्व विधिक संरक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 फरवरी. अधिवक्ताओं के प्रतिवाद दिवस पर एक बार फिर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग चर्चा में है. अधिवक्ताओं ने संरक्षण को लेकर ज्ञापन सौंप अपनी सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है.**

इस सम्बन्ध में जिले के शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक रमेश मिश्रा (जीपी) द्वारा यह सुझाव सार्वजनिक विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया है कि अधिवक्ताओं को उनके पेशेवर कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान किए



गए कार्यों के संबंध में एक संतुलित अभियोजन पूर्व संरक्षण का प्रावधान विधिक रूप से विहित किया जाना चाहिए जैसा की वर्तमान में सरकारी कर्मचारियों एवं न्यायाधीशों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 217 के अंतर्गत आधिकारिक कर्तव्यों से संबंधित मामलों में अभियोजन पूर्व स्वीकृति का संरक्षण प्राप्त है। इसी प्रकार अधिवक्ताओं के संदर्भ में यह उनके विरुद्ध पेशेवर कार्यों से संबंधित आपराधिक प्रकरण दर्ज करने से पूर्व एक प्रारंभिक जांच एवं सक्षम बार काउंसिल की संस्तुति का प्रावधान किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा इस प्रस्ताव का उद्देश्य अधिवक्ताओं को कानून से ऊपर रखना नहीं है , बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में उनकी स्वतंत्र एवं निर्भीक भूमिका सुनिश्चित करना है, ताकि प्रतिशोधात्मक अथवा दुर्भावनापूर्ण कार्यवाहियों पर अंकुश लगाया जा सके।शासकीय अधिवक्ता श्री मिश्रा ने उक्त विषय पर विधिक समुदाय,बार संघों एवं जनसामान्य से रचनात्मक सुझाव सरकार और जिम्मेदार व्यक्तियों, संस्थाओं को भेजे जाने का आग्रह किया है।

# सोने-चांदी के जेवरात ठगने वाली महिला गिरफ्तार

## पुलिस की सक्रियता से पकड़ी गई आरोपी महिला

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 फरवरी. पुराने बर्तन के बदले नए बर्तन बेचने की आड़ में महिला द्वारा सोने चांदी के जेवरात ठग लिए गए। मामले की शिकायत मिलने पर सक्रिय हुई पुलिस ने उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।**

थाना प्रभारी सिविल लाइन योगेन्द्र सिंह परिहार से मिली जानकारी के अनुसार ?रियादिया मालती चौधरी निवासी बगहा द्वारा शिकायत की गई थी। जिसके अन्दर एक अज्ञात महिला पुराने बर्तन खरीद कर नए बर्तन बेचने के नाम पर विश्वास जीतकर घर से पुरानी बर्तन सिल्वर के लेकर गई थी जो उक्त महिला आज दिनांक उन पुराने बर्तनों के बदले में नए बर्तन देने आई व महिला को सम्मोहित कर उसके पहने हुए जेवरात साफ करने के नाम से ले लिए तभी कुछ समय बाद उसका पति वहीं मौके पर आ गया जिसके आने पर पता चला कि उसे अज्ञात बर्तन बेचने वाली महिला ने उसकी पत्नी व आसपास की अन्य महिलाओं से भी सम्मोहित करके वह पुराने जेवरात साफ करने के नाम से उनके जैवरात लेकर फरार हो गई। पुलिस द्वारा आसपास तलाश की गई तो उक्त महिलाओं से करीबन 5 लाख रुपए के जेवरात की ठगी सामने आई। लिहाजा पुलिस ने महिला को दस्तयाब कर लिया। जिसके कब्जे से ठगी किये गये सोने चांदी के जेवरात कीमती करीबन 5 लाख रुपए को बरामद हुए। महिला की पहचान सीता मल्हार पति नरसिम्हा मल्हार उम्र 28 वर्ष निवासी महराज नगर मैहर के तौर पर हुई।

# बजरंगबली को प्रथम निमंत्रण भेंट कर की रामनवमीं महोत्सव की शुरुआत

**नवभारत न्यूज**

**सतना,16 फरवरी. हिन्दू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित श्री रामनवमी महोत्सव को भव्य स्वरूप प्रदान करने एवं सामाजिक सहभागिता की संकल्पना को साकार करने समिति कार्यकर्ताओं को बैठक में दायित्व सौंपे गए।**

इसके पूर्व ट्रांसपोर्ट नगर स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में बजरंगबली को श्री रामनवमी महोत्सव का प्रथम निमंत्रण समर्पित कर कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न होने की मंगलकामना की गई एवं आरती



पूजन पश्चात हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। तत्पश्चात सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सभागार में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में समन्वय समिति अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी, संयोजक कमलजीत सिंह सेठी एवं जितेंद्र जैन, संयोजन समिति सदस्य उत्तम बनर्जी, योगेश ताम्रकार , मोटर ट्रांसपोर्ट अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने श्री रामदरबार एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया।

अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने सभी को दायित्व को पूरा करने का संकल्प दिलाया और बताया कि सभी को कार्यक्रम की सफलता में तन- मन- धन से पूर्ण मनोयोग से अब लग जाना है। बैठक की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए इंजी. रमेश जैन ने कहा कि समन्वय समिति रामकाज और सामाजिक समरस्ता के लिए समर्पित संस्था है और सभी के समर्पण से ही हम कार्यक्रम को सफल बना सकते हैं।



# भाजपा जिला कार्यालय में जिला संगठन प्रभारी जीएस ठाकुर का किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी के सतना जिला कार्यालय में भाजपा जिला संगठन प्रभारी जी.एस. ठाकुर के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने किया। पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं अंगवस्त्र पहनाकर संगठन प्रभारी का अभिनंदन किया गया।**

स्वागत उपरांत आयोजित बृहद संगठनात्मक बैठक में अब तक जिले में संपन्न हुए कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिला अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, नगर निगम अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने क्रमशः अपना परिचय देते हुए अपने-अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।

### संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर

जिला संगठन प्रभारी जी . एस . ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, नियमित बैठकों के आयोजन, कार्यकर्ताओं के सतत संपर्क एवं आगामी कार्यक्रमों की समयबद्ध रूपरेखा पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी अपने दायित्व का पूर्ण निर्वहन करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

# पुणे-दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन

## सतना स्टेशन पर रुकेगी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 फरवरी। रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।**

इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01481/01482पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में आने वाले समय-सारणी का विवरण निम्नानुसार है.

**पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन (04-04 ट्रिप)**-स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01481 पुणे से दानापुर स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 23 एवं 27 फरवरी एवं होली के अवसर पर 02 एवं 06 मार्च को पुणे स्टेशन से रात 19.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी सुबह 11.15 बजे, जबलपुर दोपहर 15.30 बजे,कटनी 16.50 बजे, सतना सायं 18.50 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए तीसरे दिन सुबह 08.00 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। (04 सेवाएं) इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01482 दानापुर से पुणे स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 25 फरवरी एवं 01 मार्च एवं होली के अवसर पर 04 एवं 08 मार्च को दानापुर स्टेशन से सुबह 10.00 बजे प्रस्थान कर रात में सतना 21.00 बजे, कटनी 22.35 बजे, पहुँचकर अगले दिन जबलपुर मध्यरात्रि 00.20 बजे, इटारसी 04.05 बजे और सायं 18.15 बजे पुणे स्टेशन पहुँचेगी।

### सीएस की वीडियो कान्फ्रेंसिंग 19 को

**सतना.** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन 19 फ़रवरी को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स, कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक दोपहर बाद 3 .30 बजे आरंभ होगी। बैठक में रोजगार, उद्योग एवं निवेश, लोक सेवा प्रबंधन तथा सुशासन, ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की जायेगी। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संबंधित अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

# नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आज

**नवभारत न्यूज**

**सतना 16 फ़रवरी. नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में जिलेभर में मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रंगोली, चित्रकला, पेंटिंग, निबंध लेखन, वाद-विवाद तथा नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।**

इन कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह सम्मान समारोह 17 फ़रवरी को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत सतना के सभाकक्ष में आयोजित होगा। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राजीव सिंह द्वारा कार्यक्रम के सफ़ल संचालन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। इनमें मंच संचालन के. के. शुक्ला, प्रतिभागियों की उपस्थिति एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी रामप्रताप चौधरी को दी गई है।

# राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 फरवरी. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल के तत्वाधान में श्री रामा कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, करही, सतना में राज्य स्तरीय खो-खो ( महिला/पुरुष ) का सफल आयोजन किया गया।**

इस आयोजन में प्रदेश के सात संभागों रीवा, जबलपुर, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर एवं ग्वालियर की महिला एवं पुरुष वर्ग के 208 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के उपरांत राष्ट्रगान के बाद किया गया। महिला वर्ग में फाइनल



इंदौर नोडल एवं जबलपुर नोडल के बीच खेला गया जिसमे जबलपुर नोडल की टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत दर्ज की। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में फाइनल मैच रीवा नोडल और जबलपुर नोडल के बीच खेला गया जिसमे जबलपुर नोडल ने पुन: जीत दर्ज की इस प्रकार दोनों वर्ग में जबलपुर नोडल विजेता रही। पुरुष वर्ग में बेस्ट चेजर सूजल दहिया रीवा नोडल से, बेस्ट रनर अभिषेक पाण्डेय जबलपुर नोडल, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट स्वप्निल सिंह रीवा नोडल से रहे। महिला वर्ग में बेस्ट चेजर कृतिका धाते इंदौर नोडल से बेस्ट रनर एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पूर्वी साहू जबलपुर नोडल से रहीं। महाविद्यालय की ओर से कार्यक्रम का संचालन सूर्यांकर वर्मा एवं सुश्री ऋचा पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयर मैन शम्मी पुरी ग्रुप डायरेक्टर शाश्वत पुरी, टेक्निकल विंग के डायरेक्टर डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री, महाविद्यालय अकादमिक प्रमुख सुश्री शुभी खरे, फार्मेसी डीन डॉ अमित पाण्डेय, हायर सेमेस्टर डीन दीपेश निगम, फर्स्ट ईयर डीन अभय मिश्रा सहित समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### इंद्रसेन जौली ने लिया देह दान का संकल्प

**सतना.** मानवता, सेवा और परोपकार की मिसाल पेश करते हुए मैहर निवासी प्रतिष्ठित समाजसेवी इंद्रसेन जौली ने देहदान का संकल्प लेकर समाज को एक प्रेरणादायी संदेश दिया। यह संकल्प उन्होंने संस्था अमर ज्योति की प्रेरणा से *मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं अमर ज्योति के संयोजक मनोहर डिगवानी* के करकमलों से लिया।



### नर्मदेश्वर पार्क भरहुत नगर में हुआ पौधरोपण

**सतना** डॉ राकेश मिश्र अध्यक्ष पं .गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान अपना सपना , हर भरा सतना अभियान के अंतर्गत नर्मदेश्वर पार्क भरहुत नगर में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज सेवी दीपक सैनी धर्मपत्नी श्रीमती शीलम सैनी के वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष पर पौधा रोपण का संकल्प लिया गया था आज सेवा न्यास कार्यकर्ताओ द्वारा पूरा किया जा रहा है। समाजसेवी दीपक सैनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ राकेश मिश्र जी के द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से अपना सपना हरा भरा सतना अभियान चलाया जा रहा है।



### कलश यात्रा के साथ शिवमहापुराण यज्ञ प्रारंभ

**सतना।** श्रीमद् शिवमहापुराण का आयोजन मंगल कलश यात्रा के साथ संतकुंज आश्रम प्रांगण से 108 कन्याओं द्वारा मंगल कलश यात्रा प्रारंभ नगर भ्रमण के साथ हुआ जिसमें बहुत बड़ी तादाद में आम जनमानस सहभागी हुए परम पूज्य स्वामी श्री साकेत बिहारी शरण जी महाराज के सानिध्य में प्रारंभ इस कलश यात्रा में ढोल नगाड़ों के साथ उमंग और उल्लास पूर्व क्षेत्रीय जनमानस सहभागी हुए,कलश यात्रा का विश्राम संतकुंज आश्रम में हुआ।